## एक नजर

### वाहन जांच में एक लाख बरामद

**रमना।** लोक सभा चुनाव के मद्देनजर स्थानीय पुलिस प्रशासन चौकस है,इसी क्रम में शुक्रवार की सुबह थाना मोड़ के समीप स्टेटिक सर्विलांस टीम के द्वारा टंडवा निवासी आवेद आलम के मोटरसाइकिल से एक लाख रुपये नगद की बरामदगी हुई है। इस संबंध में एसएसटी टीम के मजिस्ट्रेट जितेंद्र कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर हॉर्सट्रेडिंग की जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के क्रम में एक लाख रुपये की बरामदगी कर वरीय अधिकारी को सूचित कर दी गई है। आदेशनुसार अग्रिम कारवाई की जाएगी इस मौके पर ए.एस.आई. बीरेंद्र ओझा व पुलिस बल मौजूद थे।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

गढ़वा। बिशुनपुरा थानांतर्गत पतिहारी गांव निवासी चंद्रदेव रजवार की पत्नी रानी देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। रानी ने बताया कि उसका पति मोबाइल पर किसी दूसरी लड़की से बातचीत करता है। इसको लेकर उसके पति से उसका विवाद हुआ। इसकी बात से आक्रोशित होकर रानी ने कीटनाशक खा लिया। परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### नाली में गिरी गाय को बाहर निकाला गया

रंका। अनुमंडल मुख्यालय में मेन रोड स्थित स्थित नाली में गिरी गाय को स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत से बाहर निकाला। उक्त गाय गुरुवार को रातभर नाली में रही। गाय मालिक ने भी किसी तरह की खोजखबर नहीं ली। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने नाली में फंसी गाय को देखा तो उसे बाहर निकाला गया। नाली से बाहर निकालने के बाद उसे चारा -पानी दिया गया। समाजसेवी उत्तम पांडेय, रूपेश कुमार, राकेश कुमार, विकास साहू, अमरेंद्र कुमार के अलावा सहित बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े रानू राज कमल सिंह, सोनू मधेशिया, मोहित कुमार चौधरी, अविनाश पटेल, अंकित दुबे सहित अन्य ने मिलकर गाय को सुरक्षित बाहर निकालने में सहयोग किया।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में कई लोग घायल, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मझिआँव मार्ग पर शुक्रवार की सुबह मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनिया गांव निवासी प्रभु प्रजापति का पुत्र नीरज प्रजापति एवं मेदिनीनगर थाना क्षेत्र के चांदो गांव निवासी प्रयाग प्रजापति का पुत्र उदय प्रजापति के नाम शामिल हैं । दोनों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में नीरज प्रजापति ने बताया कि सभी लोग शादी समारोह में मेराल थाना क्षेत्र के पचफेड़ी गांव आए हुए थे इसी क्रम में सुबह लड़का के लिए गढ़वा मऊर खरीदने के लिए आने के दौरान दलेली गांव के पास उसकी चलती मोटरसाइकिल के सामने गाय कूद गई। उसे बचाने में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर



अस्पताल में भर्ती करवाया।

**बाइक दुर्घटना में शिक्षक घायल**

**गढ़वा।** केतार थाना क्षेत्र के दासीपुर गांव निवासी इंद्रदेव विश्वकर्मा का पुत्र धनंजय विश्वकर्मा मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि धनंजय विश्वकर्मा केतार अंतर्गत शिशु विद्या मंदिर स्कूल के शिक्षक हैं । वे स्कूल के काम से कहीं जा रहे थे । इसी दौरान खेरवा गांव के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना के बाद उसे नगर उतरी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उसे बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया।

## स्कार्पियो के धक्के से महिला घायल , रांची रेफर

**गढ़वा।** चिनिया मुख्य मार्ग पर स्कार्पियो की धक्के से एक महिला घायल हो गई। घायल मेराल थाना क्षेत्र के कारकोमा गांव निवासी कृष्ण कांत तिवारी की पत्नी शारदा देवी का नाम शामिल है। घटना के संबंध में बताया गया कि उक्त घायल महिला करुआ गांव से अपने बेटी के घर पेश्का गांव से टैंपू से उतरकर पैदल झोतर गांव जा रही थी। उसी बीच बवई नदी के पास पीछे से एक स्कार्पियो ने टक्कर मार दिया। घटना के बाद आस पास के लोगो घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया घटना में उक्त महिला ने शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सको ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

### सड़क दुर्घटना में महिला समेत तीन घायल

**गढ़वा।** चिनिया मार्ग पर शुक्रवार को रानी चेरी के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में महिला सहित तीन लोग घायल हो गए घायलों में रंका थाना क्षेत्र के वाहुकुदर गांव निवासी अमरुद्दीन अंसारी का पुत्र मुस्तफा अंसारी उसकी पत्नी सायदा बीवी एवं उसकी पुत्री शमीमा खातून के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर सभी लोग सवार होकर गढ़वा आ रहे थे । इसी दौरान रानी चेरी के पास नीलगाय मोटरसाइकिल के सामने से दौड़ गयी। उससे बचने में मोटरसाइकिल नियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। घटना की जानकारी परिजनों को दी गई । परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया दिया है।

# एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर जी कन्नन ने सीमावर्ती चेकपोस्ट का किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर शुक्रवार को एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर जी कन्नन ने झारखंड यूपी सीमावर्ती बिलासपुर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक्सपेंडिचर आब्जर्वर ने चेक पोस्ट पर उपस्थित दंडाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी से जांच संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चेक पोस्ट पर वाहन जांच में क्या-क्या चेकिंग करना है क्या-क्या सतर्कता बरतनी है उसके बारे में जानकारी दी। इस मामले पर उपस्थित बंशीधर नगर



अनुमंडल के भू- उप समाहर्ता शीलवंत भट्ट ने बताया कि आसन्न लोकसभा चुनाव को देखते हुए एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर जी कन्नन श्री बंशीधर नगर पहुंचने के बाद झारखंड यूपी सीमा पर बनाए गए चेक पोस्ट का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान लगाए गए चेक पोस्ट पर मजिस्ट्रेट को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। वाहन चेकिंग में सुरक्षा से संबंधित कई जानकारी भी दी। मौके पर व्यय लेखा पदाधिकारी अंकित रामपाल, बीडीओ अदिति गुप्ता तथा कई लोग शामिल थे। इधर, निरीक्षण के बाद एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर जी कन्नन ने विश्व विख्यात श्री बंशीधर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना भी की।

# रक्तदान कर नूर आलम ने महिला की बचाई जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** फोटो रक्तदान करते नूर आलम गढ़वा शहर के टंडवा मोहल्ला निवासी नूर आलम ने गढ़वा सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पहुंच कर एक यूनिट रक्तदान कर एक गर्भवती महिला कि जान बचाई इस संबंध में नूर आलम ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि मेराल थाना क्षेत्र के बऊराहा गांव निवासी धनंजय राम की पत्नी रीना देवी को शरीर में 5 ग्राम रक्त है और वह महिला गर्भवती भी है। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है, लेकिन उसे कोई एक यूनिट रक्त देने वाला नहीं है। इसकी सूचना मिलते ही नूर आलम गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचकर उक्त महिला के लिए एक यूनिट



रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि शहर में लोग रक्तदान करने में बढ़ चढ़कर भाग लेते हैं । रक्तदान के मामले में महिला भी जागरुक हो गयीं हैं , लेकिन अभी भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रक्तदान करने से हिचक रहे हैं, उन्हें जागरूक करने की अति आवश्यकता है। इस मौके पर पंकज चौबे, सीट्टू कुमार, प्रदीप कुमार, सोनू कुमार, आकाश केसरी, प्रतिमा देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय में नामाकंन हेतु प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

**नामांकन की अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित**

गढ़वा। जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, गढ़वा द्वारा उत्कृष्ट बालिका उच्च विद्यालय में नामांकन हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष विद्यालय में 6, 7, 8, 9 एवं 11 कक्षाओं में प्रवेश लिया जाना था। विभागीय प्रावधान के अनुरूप पिछले माह कक्षा 6 , 7, 8 एवं 9 में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। उत्तर पुस्तिका के जांचोंपरान्त जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय द्वारा शुक्रवार को विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु प्रथम सूची जारी की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक रेयाज अहमद के द्वारा बताया गया कि नामांकन की प्रक्रिया आज शनिवार से प्रारंभ कर दी जाएगी। प्रथम सूची के छात्रों के नामांकन की अंतिम तिथि 4 मई 2024 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि में नामांकन न कराने वाले छात्राओं के नामांकन पर पुनर्विचार नहीं किया जाएगा। अतः अभिभावक निर्धारित तिथि में अपने समस्त प्रपत्रों के साथ विद्यालय कार्यालय में संपर्क करते हुए प्रवेश फार्म जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

# खैरवा गांव में चौपाल लगाकर मतदाताओं को जागरूक किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कर्मियों ने खैरवा गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम के तहत मतदाता केंद्र संख्या 60 पर चौपाल लगाकर मतदाताओं को मत अधिकार के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। बीपीआरओ सुरेश राम ने कहा की मतदान केंद्र संख्या 60 पर पिछली बार बहुत ही कम मतदान प्रतिशत था।इस बार मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सभी मतदाताओं को मतदान करना अतिआवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों को आगामी 13 मई को




सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने उसके बाद जलपान करने के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व जेएसएलपीएस के महिलाओं ने घर-घर जाकर महिला पुरुष मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर प्रखंड समन्वयकराकेश कुमार, जेएसएलपीएस प्रखंड समन्वयक अरबिंद कुमार, पंचायत सचिव आदित्य कुमार,कनिय अभियंता राजीव कुमार, सत्यम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मारपीट एवं गाली-गलौज करने का आरोप लगाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मेराल थाना क्षेत्र के पेशका गांव निवासी सुरेंद्र विश्वकर्मा ने गढ़वा थाना प्रभारी को आवेदन कर हिमांशु मिश्रा पर मारपीट एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी को दिए गए आवेदन में सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा है कि वह मेराल प्रखंड के पेश्का गांव का निवासी है। वह 24 अप्रैल को अपने गांव पेशका से अपने बड़े भैया के घर सोनपुरवा शिव थोड़ा मंदिर के पास गए थे। फिर वह नेवता का कपड़ा लेकर पुनः 6:24 पर होटल एसएनसी के रास्ते से जा रहा था। तभी होटल के सामने बैठा हिमांशु मिश्रा नामक युवक बुलाकर बोला कि अरे तुम पंडित हो की



चुन्नी रखा है। तभी वह बोला कि भैया केवल पंडित ही चुनी रखते हैं। वहीं इसी बात पर वह उसके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगा। वह अकेला था। वह विकलांग समझ कर बहुत मारा। जिससे उसके शरीर पर चोट आया है। उन्होंने थाना प्रभारी से हिमांशु मिश्रा पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## बरांव शक्ति केंद्र पर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक

# अपना बूथ जीत जाएं तो समझिए कि चुनाव जीत गए: नागेन्द्र नाथ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कार्यकताओं को बूथ जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्र का एक-एक बूथ को जीतना है सभी बूथ अध्यक्ष अगर अपना अपना बूथ जीत जाए तो समझिए कि चुनाव जीत गए। बैठक में संगठन महामंत्री ने बूथ कमेटी गठन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा ही संगठन है। प्रधानमंत्री राष्ट्र हित में जो कहते हैं; वह काम पूरा भी करते हैं। इसलिए देश की जनता का अटूट विश्वास भाजपा पर है। वहीं, विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि अपने



बूथ पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहे और जिन-जिन को सरकारी योजनाओं व पारदर्शी नीतियों का लाभ मिला है, उनको पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाएं और अन्य योजनाओं की जानकारी देकर उनको और भी लाभान्वित करने का प्रयास करें। बैठक में मुख्य रूप से पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, डाल्टनगंज विधानसभा के प्रभारी रघुराज पांडे, पथरा मंडल के प्रभारी प्रदीप सिन्हा, जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, प्रमोद सिंह, जय दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अभिमन्यु तिवारी, गुड्डू खान, संटू चौरसिया, विशाल दुबे, राहुल श्रीवास्तव, महर्षि वेदव्यास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी, नीलम देवी, ब्रह्मदेव चौधरी, अमरेंद्र चौरसिया, उदय चौधरी, अनिल विश्वकर्मा, आलोक ठाकुर, राजू चौधरी, आदित्य चौधरी, उदय चौधरी ,भारदुल चौधरी, दुर्गा चौधरी, कुलदीप चौधरी, विशु भुइयां, शिवकुमार गोस्वामी, मिठू साहू, जवाहर गोस्वामी, गुना चौधरी, सरिता देवी, चिंता देवी, राजू गुप्ता, सीताराम चौधरी ,योगेंद्र चौधरी, सुमेर चौधरी, अजय चौधरी सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

धुरकी। हाजी नईमुल हक डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को स्वीप कोषांग की ओर से मतदता जागरुकता अभियान चलाया गया। इसके तहत सभी शिक्षकों और छात्रों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को इवीएम और वीवीपीएटी की विश्वसनीयता पर प्रशिक्षण दिया गया। उसके कार्य व सुरक्षा के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों के बीच सांप-सीढ़ी का खेल आयोजित कर जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को एक-एक मत का महत्व बताया गया। उन्हें 13 मई को मतदान में भाग लेकर अपना कर्तव्य निभाने के लिए प्रेरित किया गया।कॉलेज के प्रिंसिपल राजीव कुमार मेहता ने भी सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग की बैठक कल

**मेदिनीनगर।** सदगुरु सदाफल देव विहंगम योग संत समाज की पलामू जिलास्तरीय बैठक 28 अप्रैल को आहूत की गई है। यह जानकारी संत समाज के जिला संयोजक गिरिजा प्रसाद सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के टीवी टावर रोड बैरिया स्थित बनारसी प्रसाद यादव के आवास पर बैठक का आयोजन किया गया है। सुबह 10 बजे से बैठक की कार्यवाही शुरू की जायेगी। बैठक में जिले में ब्रह्मविद्या के प्रचार कार्य,आश्रम से प्रकाशित पत्रिका के सदस्यता अभियान सहित अन्य सेवा कार्यों की समीक्षा किया जायेगा। बैठक में जिले के उपदेष्टा, प्रचारक, अक्षय कोष संग्रहकर्ता, जिला एवं प्रखंड स्तर के सेवा प्रभारी निश्चित रूप से भाग लेंगे।

# स्वावलंबी बनने की राह पर कदम बढ़ा रही महिलाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

धुरकी। प्रखंड के सुदरवर्ती गांवों की महिलाएं स्वावलंबी बनने की राह पर कदम बढ़ा रही हैं। जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला सखी समूहों की महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ने के लिए पत्तल, ग्लास और दोना का निर्माण करेंगी। उसके लिए उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया है। प्रखंड के खुटिया, मिरचइया व कदवा उर्फ लिखनी धौरा गांव में जेएसएलपीएस की ओर से यह मशीन लगवाई गई है। जेएसएलपीएस के प्रखंड समन्वयक सुशील कुमार ने बताया कि झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना और जेएसएलपीएस से जुड़ी सभी सखी मंडलों की महिलाओं को गांव स्तर पर ही रोजगार का सृजन कर आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास चल रहा है। उक्त गांवों में पत्तल, दोना और ग्लास निर्माण के अलावा मधुमक्खी पालन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। इनका बाजार भी स्थानीय स्तर पर मिल जाएगा। समूह से जुड़ी



प्रखंड के खुटिया गांव की आशा देवी, इंदु देवी, लालती देवी, नूतन देवी, माधुरी देवी, मनीता देवी, सुबचनी देवी, किस्मतीय देवी, संजू देवी सहित अन्य महिलाएं इस काम से जुड़ी हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि इस काम से उनकी आय बढ़ेगी। बकौल सुशील प्रखंड में कुल 639 स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया। उनमें 449 महिला स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। एक समूह में 11 महिलाएं शामिल हैं। कुल मिलाकर समूह से करीब पांच से सात हजार महिलाएं सक्रिय रूप से जुड़ी हैं। प्रखंड के खुटिया पंचायत के खुटिया गांव में आशा स्वयं सहायता समूह और कदवा उर्फ लिखनी धौरा शिव आजीविका सखी मंडल मिरचइया में दोना, पत्तल और उक्त आर्थिक गतिविधियों के शुरू होने से उनकी आय भी बढ़ेगी। प्रखंड में 2018 से संचालित स्वयं सहायता समूह प्रखंडों के सुदूरवर्ती गांव में संचालित हैं। समूह में शामिल महिलाएं अलग-अलग आर्थिक गतिविधियां कर रही हैं।

# गर्म तेल में गिरने से युवक झुलसा, रिम्स रेफर



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी नान देव रजवार का पुत्र अखिलेश रजवार गरम तेल में गिरने से जलकर जख्मी हो गया । उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद अखिलेश रजवार को चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अखिलेश रजवार शादी पार्टी आदि में जाकर हलवाई का काम करता है। गुरुवार को भी शाम को सलगा गांव में एक शादी समारोह में खाना बनाने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान उसे चक्कर आ गया और वह गर्म तेल में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। इसके बाद साथ के लोगों ने उसे गंभीर स्थिति में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## अभियान: सदर अस्पताल परिसर में तंबाकू उत्पादों के सेवन करने वालों के विरूद्ध चला अभियान

# दो लोगों से वसूला गया दो-दो सौ रुपये अर्थ दंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर अस्पताल गढ़वा में शुक्रवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की गढ़वा इकाई की टीम ने कोटपा 2003 के अंर्तगत छापेमारी अभियान चलाया। इसमें गढ़वा जिला परामर्शी नीरज कुमार, साइकोलाजिस्ट कुमार संजीव, सोशल वर्कर शारदा कच्छप, आउटसोर्स कर्मी उमेश चंद्रवंशी आदि ने मिलकर सदर अस्पताल परिसर में तंबाकू एवं उसके उत्पाद का प्रयोग कर रहे लोगों से अर्थदंड वसूल किया। साथ ही भविष्य में अस्पताल परिसर में तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं करने की चेतावनी दी। इस दौरान नसरुद्दीन अंसारी एवं अब्दुल अंसारी से 200-200 रुपये अर्थदंड वसूला गया। मौके पर नीरज कुमार ने कहा कि



तंबाकू उत्पादों का प्रयोग सार्वजनिक स्थानों में नहीं करना है। चूंकि सदर अस्पताल में बीमार लोग इलाज कराने के लिए आते हैं। ऐसे में तंबाकू उत्पादों का प्रयोग करने वाला व्यक्ति अपनी सेहत को तो खराब करता ही है, इसका प्रभाव उसके निकट बैठे लोगों पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि तंबाकू एवं उसके उत्पादों के प्रयोग से कैंसर समेत कई गंभीर बीमारियां हो जाती हैं। प्रतिवर्ष तंबाकू उत्पादों से होनेवाले कैंसर से मरनेवालों की संख्या लाखों में है। नीरज कुमार ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों में तंबाकू उत्पादों के सेवन एवं बिक्री के विरूद्ध कोटपा 2003 के तहत विशेष छापामारी दस्ता लगातार अभियान चलाएगी। ताकि कानून का उल्लंघन करने वालों पर रोक लगाई जा सके।

### पति से विवाद के बाद पत्नी ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** बिशनपुरा थाना क्षेत्र के पतिहारी गांव निवासी चंद देव रजवार की पत्नी रानी देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया,उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में रानी देवी ने बताया कि उसका पति मोबाइल पर किसी दूसरी लड़की से बातचीत करता है। इस बात की जानकारी मिलने उसने इ दूसरी लड़की के साथ बातचीत का विरोध किया तो उसके पति से उसका विवाद हो गया। इसी बात से आक्रोशित होकर रानी देवी ने कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

